## उप मंडी के बाहर अनिश्चितकालीन धरना स्थगित



**पानसेमल।** कृषि उप मंडी में 30 अक्टूबर से जारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शनिवार को स्थगित हुआ। तहसीलदार सुनील सिसोदिया, मंडी सचिव एलएस सेनानी, थाना प्रभारी मंशाराम वगेन एवं मंडी कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करने वालों को शरबत पिलाया। विक्रम अछालिया ने बताया कि किसानों को फसलों का उचित दाम मिलने के लिए 17 दिनों से धरने पर बैठे रहे। स्थानीय प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर कुछ समस्याओं का निराकरण किया है, लेकिन कुछ मांगे शेष हैं। धरना प्रदर्शन स्थगित हुआ है, समाप्त नहीं। किसानों के लिए पुनः धरना शुरू किया जा सकेगा। अधिकारियों को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया कि कंपनियों के उत्पाद अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेचे जाते हैं, उसी तरह किसानों की फसलें भी एमएसपी के आधार पर खरीदी जानी चाहिए। जिले की सभी मंडियों का संचालन आदर्श मंडी के तर्ज पर पारदर्शिता, जवाबदेही और किसानों के हित में किया जाए। विगत 10 वर्षों में किसानों से वसूले गए मंडी टैक्स का उपयोग कहां और कैसे किया गया, इसकी जानकारी सार्वजनिक दी जाए। संबंधित संस्थाओं के चुनाव शीघ्र कराए जाएं, ताकि किसानों के प्रतिनिधि लोकतांत्रिक रूप से चुने जा सकें साथ ही अखबारों में प्रकाशित समाचारों के अनुसार मंडी बोर्ड को 1500 करोड़ में गिरवी रखने का प्रस्ताव अत्यंत चिंताजनक है। लइस पर सरकार की स्पष्ट नीति सार्वजनिक की जाए। जिले के कई स्थानों पर कृषि प्रयोगशाला की स्थापना एवं सुचारू संचालन की मांग सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगे की है।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम




**बड़वानी।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भगवान बिरसा मुंडा शास महा पाटी में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजाति गौरव दिवस पर गतिविधियों आयोजित की गई। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रो राजू ओसारी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह आयोजन जनजातीय क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने के संकल्प के साथ भी जुड़ा है, जिसके तहत 15 नवंबर, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, को वर्ष 2021 से जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस

# बड़वानी में एक लाख से अधिक नए परिवार चिंहित

### पीएम आवास प्लस 2024 : दो चरणों में होगी पात्रता, 2011 और 2018 में छूटे परिवार भी शामिल, 2025 से 2029 तक पात्रों का आवास लाभ देने लक्ष्य

**बड़वानी.** प्रधानमंत्री आवास **योजना ( ग्रामीण ) के लाभ से अब तक वंचित रहे हितग्राहियों के लिए अच्छी खबर है। सरकार द्वारा वर्ष 2011 और 2018 की पात्रता सूची के बाद अब पीएम आवास प्लस 2024 के नाम से नए परिवारों का व्यापक सर्वे कराया है। इस सर्वे में 1 लाख 68 हजार 329 नए परिवार सामने आए हैं। इन परिवारों की पात्रता का परीक्षण शुरू हो चुका है। सत्यापन पूरा होने के बाद प्राथमिकता सूची के आधार पर पात्र परिवारों को आवास स्वीकृत किए जाएंगे।**

ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों के सहयोग से फरवरी से मई 2024 तक ये सर्वे कराया गया। इसमें 3,559 परिवारों ने स्वयं (सेल्फ सर्वे) किया, जबकि 1,64,770 परिवारों का विभागीय सर्वे हुआ। सभी आवेदकों की जानकारी को अब दो चरणों में सत्यापित किया जाएगा। इसके लिए जिलेभर में 50 सत्यापनकर्ता/चेकर नियुक्त किए गए हैं, जो अलग-अलग ब्लॉकों में घर-घर जाकर दस्तावेजों और स्थिति की जांच करेंगे।

#### 10 बिंदू पर होगा सत्यापन

- मोटर चालित तीन/चार पहिया वाहन
- मशीनीकृत तीन/चार पहिया कृषि उपकरण
- 50 हजार रूपए या अधिक सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड
- परिवार में सरकारी कर्मचारी
- सरकार से पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम
- किसी सदस्य की मासिक आय 15,000 रूपए से अधिक
- आयकर भुगतान
- व्यवसायिक कर भुगतान
- 2.5 एकड़ या अधिक सिंचित भूमि
- 5 एकड़ या अधिक असिंचित भूमि

इन मानकों पर आधारित सत्यापन कार्य को 31 मार्च 2025 से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी पात्र परिवार लाभ से वंचित न रहे।

#### ब्लॉकवार सर्वे रिपोर्ट

विकासखंड-स्वयं-सहायता-प्राप्त कुल
बड़वानी - 284-18, 238-18,522
निवाली - 323-14, 571-14,894
पानसेमल - 305-19, 423-19,733
पाटी - 2,019-20,871-22,890
राजपुर - 320-25,919-26,239
सेंधवा - 201-51,156-51,357
ठीकरी - 107 - 14,587-14,694
कुल - 3,559 - 1,64,770 - 1,68,329 परिवार

पहला चरण : पक्के मकानों का बहिर्वेशन

सत्यापन का पहला चरण पक्के मकानों की जांच से शुरू होगा।

जिन परिवारों के पास पक्की छत, पक्की दीवारों वाला आवास या दो से अधिक कमरों का मकान है, वे स्वचालित रूप से सूची से बाहर कर दिए जाएंगे।

दूसरा चरण रू दस बिंदुओं पर स्वत: बहिर्वेशन

पहले चरण के बाद बच्चों हुए परिवारों की जांच निम्न 10 मापदंडों पर होगी। इनमें से किसी एक मानदंड पर खरे उतरने पर परिवार योजना से अपात्र माना जाएगा।

#### लाड़ली बहना आवास आवेदक

सर्वे में स्पष्ट किया गया है कि लाड़ली बहना आवास के लिए प्राप्त आवेदनों को अलग से कोई विशेष लाभ नहीं दिया जाएगा। इन आवेदनों में से जो महिलाएं पात्र पाई गई हैं, उन्हें स्वत: आवास प्लस 2024 की सूची में शामिल कर लिया गया है।

#### जिले में आवास योजना की प्रगति

वर्ष 2016-17 से 2021-22 के बीच जिले में 1 लाख 40 हजार 183 आवास स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 1 लाख 3 हजार 754 आवास पूर्ण हो चुके हैं। अब आवास प्लस योजना के माध्यम से 2025 से 2029 तक शेष पात्र परिवारों को लाभांवित करने का लक्ष्य रखा है।

#### पात्रता जांच दो चरणों में होगी

पीएम आवास प्लस 2024 के तहत चिह्नित सभी नए परिवारों की पात्रता जांच दो चरणों में की जाएगी। सत्यापन कार्य के लिए सभी ब्लॉकों में चेकर तैनात कर दिए गए हैं। पात्रता परीक्षण पूरा होने के बाद प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी और शासन के निर्देशानुसार पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध तरीके से लाभ प्रदान किया जाएगा।

**-एसएल अलावा, पीएम आवास प्रभारी जिपं बड़वानी।**

#### स्वीकृत होंगे आवास

- पात्र परिवारों को आवास किए जाएंगे स्वीकृत।

एक नजर में — **मौसम का असर ग्रामीण क्षेत्रों से आया ताजा सीताफल, अमरूद का जलवा, सिंघाड़ा बना मौसम का नया आकर्षण**

# सर्दी में बदला मंडी का मिजाज, मौसमी फलों की आई बहार

**बड़वानी.** सर्द हवाओं ने दस्तक दी तो फल मंडी का नज़ारा भी बदल गया। गर्मी के आम व लीची अब विदा ले चुके हैं, उनकी जगह अब ग्रामीण क्षेत्रों से आए सीताफल व निमाड़ की मिठास लिए अमरुद ने ले ली है। बाजार में सीताफल की सुगंध और अमरुद की हरियाली ग्राहकों को अपनी ओर खींच रही है। इन दिनों मंडी में दोनों फलों की खूब मांग है। सीताफल व अमरुद का भाव 40 से 50 रुपए किलो तक पहुंच गया है, लेकिन खरीदारों की रफ्तार कम नहीं हुई है।

झंडा चौक में फल कारोबारी राजेश मालवीया ने बताया कि सीताफल इस बार पहले से बेहतर क्वालिटी का है। इसका गुदा मीठा और दाने मुलायम हैं। साथ ही एक अमरुद का वजन 200 ग्राम तक उतर रहा है, जो ग्राहकों को पसंद आ रहा है। निमाड़ क्षेत्र के अमरुद की मांग लगातार बनी हुई है। फल विक्रेता ने बताया कि सुबह से ही लोग सीताफल व अमरुद के ठेले और दुकानों पर भीड़ लगाए रहते हैं। सर्दी शुरू होते ही फलों की डिमांड कई गुना बढ़ जाती है।

फल कारोबारियों के मुताबिक लोग फल की डिमांड को लेकर एडवांस में बुकिंग भी कर चुके हैं।



फलों के दामों में कोई खास बढ़ोत्तरी नहीं है, पिछले कई दिनों से सभी फलों के दाम स्थिर है।

#### सिंघाड़े की भी आवक शुरू

सिंघाड़े की भी आवक शुरू हो गई है। बाजार में सिंघाड़ा बेचने वालों ने दुकान लगा रखी हैं। कहीं 10 रुपए में 5 नग सिंघाड़े दे रहे हैं, तो कहीं 10 रुपए में 4 नग सिंघाड़े ग्राहकों को मिल रहे हैं। सिंघाड़े की आवक एक सप्ताह से ज्यादा हो रही है। दरअसल निमाड़ में अधिकतर सिंघाड़े की आवक स्थानीय स्तर पर ही होती है। छोटे-छोटे सिंघाड़े 10 रुपए में 5 नग के भाव पर बिक रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इसकी तासीर के कारण इसे पसंद कर रहे हैं।

#### मंडी में मौसमी फलों की बहार

मंडी में इन दिनों मौसमी फलों की बहार है। इन दिनों फल जिन कीमतों में बिक रहे हैं उनमें सीताफल 40 रुपए, अमरूद 50 रुपए किलो, चीकू 100 रुपए किलो, पपीता 40 रुपए किलो, अनार 200 रुपए किलो, सेवफल 100 रुपए किलो, मौसंबी 60 रुपए, अंगूर 400 रुपए, संतरा 140 रुपए, केला 40 रुपए दर्जन, पाइनएपल 100 रुपए नग किवी 100 में 3 नग नारियल पानी 60 रुपए नग हैं।

#### ड्रैगन फ्रुट का जलवा

बड़वानी की फल मंडी में ड्रैगन फ्रुट की सीमित लेकिन नियमित आवक है। ड्रैगन फ्रुट 80 प्रति नग में बिक रहा है। चमकीले गुलाबी रंग व आकर्षक आकार ने इसे शोकेस फ्रुट बना दिया है। व्यापारी बताते हैं कि इसे खरीदने वाले ग्राहक आमतौर पर हैल्थ और फिटनेस को लेकर जागरूक रहते हैं। ड्रैगन फ्रुट विटामिन-सी, कैल्शियम और फाइबर से भरपूर होता है। शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और त्वचा को ग्लो देने में मददगार माना जाता है।

एक नजर में

## सीएमएचओ ने किया पीसी सेठी अस्पताल का औचक निरीक्षण



इंदौर. स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सामने आई शिकायतों की जांच करने पहुंचे शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी ने शुक्रवार को पीसी सेठी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. आरोप था कि इलाज के लिए आने वालों को डॉक्टरों की लेट लतीफी के कारण परेशान होना पड़ रहा है. मौके पर हुई जांच में स्थिति इसके उलट दिखी और स्टाफ समय पर मौजूद मिला. निरीक्षण दल ने वार्डों से लेकर ओपीडी तक व्यवस्था देखी. सभी डॉक्टर और अन्य कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात मिले. अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की भीड़ को देखते हुए सेवा व्यवस्था सुचारू रखने के लिए स्टाफ को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं. सभी को समयपालन के साथ मरीजों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने के लिए कहा है. निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन को ओपीडी में आने वालों का विशेष ध्यान रखने और जरूरी सुविधाएं बिना विलंब उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए. स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, ताकि किसी तरह की लापरवाही की गुंजाइश न रहे.

## घर का ताला तोड़कर आभूषण और नकदी ले उड़े चोर

इंदौर. थाना बाणगंगा क्षेत्र के न्यू राम नगर में देर रात डेढ़ से तीन बजे के बीच चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है. गली नंबर 6 में रहने वाले सुरेंद्र महतो ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके घर का ताला अज्ञात बदमाश तोड़कर भीतर घुसे और अलमारी में रखे आभूषण व नकदी चोरी कर ले गए. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि चोर सोने की एक चैन, एक लॉकेट, सोने की एक जोड़ी बाली, चांदी की होसुली-कड़ा तथा चार हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस टीम आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और घटना के समय संदेहास्पद गतिविधियों की जांच जारी है.

## संभाग स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में युवा निशानेबाजों ने दिखाया कौशल



इंदौर. श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में संभाग स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें शहर के विभिन्न संस्थानों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. स्पर्धा का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने किया. मुख्य अतिथि के रूप में होलकर साइंस कॉलेज की प्राचार्य मेजर डॉ. अनामिका जैन मौजूद थीं. विशिष्ट अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. सुनील दुधाले थे. संचालन सुश्री प्रतिभा अग्रवाल ने किया. इस अवसर पर डॉ. दीपा कटियाल, डॉ. मंदीप गिल, कल्पेश भट्ट के अलावा सरकारी खेल अधिकारी, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे. आभार संयोजक एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. राघव जायसवाल ने व्यक्त किया.

## एक लाख की ब्राउन शुगर के साथ सप्लायर धराया

इंदौर. नारकोटिक्स विंग ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए की गई कार्रवाई में एक युवक को 19 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया. टीम को यह सफलता मुखबिर की विश्वसनीय सूचना पर मिली,

# ईओडब्ल्यू भोपाल की टीम ने इंदौर में दो संस्थानों में की जांच

- एलएनसीटी कैंपस और आशा एजुकेशन सोसायटी में छानबीन की
- वित्तीय अनियमितताओं की जांच में दस्तावेज और डिजिटल डेटा जुटाया

**इंदौर.** वित्तीय गड़बड़ी, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के पुराने मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) भोपाल विंग ने शुक्रवार को इंदौर में एलएनसीटी के कनाड़िया रोड स्थित कैंपस और विजय नगर इलाके में आशा एजुकेशन सोसायटी के कार्यालय पर छानबीन की. टीम सुबह डीएसपी पंकज गौतम के नेतृत्व में इंदौर पहुंची, जहां स्थानीय विंग के साथ मिलकर दोनों स्थानों पर सर्चिंग की गई.

सूत्रों के अनुसार ईओडब्ल्यू ने इससे पहले एलएनसीटी के खिलाफ एक प्रकरण दर्ज किया था. इसके बाद संस्था द्वारा हाईकोर्ट में लगाई गई याचिका खारिज होने के बाद जांच फिर से शुरू की गई है. जिसके तहत शुक्रवार को टीम ने दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और फोरेंसिक से जुड़े आवश्यक साक्ष्य जुटाए. अधिकारियों ने बताया कि अभी जांच प्रारंभिक चरण में है, इसलिए किसी निष्कर्ष या कार्रवाई के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा. ईओडब्ल्यू इंदौर के एसपी रामेश्वर यादव ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई भोपाल विंग द्वारा की गई है और इंदौर इकाई की इसमें कोई भूमिका नहीं है.

# शौक ने बनाया चोर : दो बदमाश पकड़े, आठ बाइक बरामद

**इंदौर.** सेंट्रल कोतवाली **पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को दबोचकर आठ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं. पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी अपना शौक पूरा करने के लिए गाड़ियां चुराकर सस्ते दामों पर बेच देते थे.**

डीसीपी राजेश व्यास के निर्देश पर सेंट्रल कोतवाली पुलिस की टीम ने पटेल ब्रिज के पास चेकिंग पाइंट लगाया था. इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध युवक आते दिखे. पुलिस को देखकर वे यू-टर्न लेने लगे, जिस पर सिपाहियों ने उन्हें घेरकर रोक लिया. कागजात मांगे गए तो दोनों भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया. पूछताछ में उनकी पहचान अनवर हुसैन निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी और शोएब अली निवासी हाजी कॉलोनी के रूप में हुई. सख्ती से पूछे जाने पर उन्होंने बुरहानपुर बस स्टैंड क्षेत्र से कई मोटरसाइकिलें चुराने की बात कबूली. उनकी निशानदेही पर आठ बाइक जब्त कर ली गई हैं.



#### आरोपियों ने बुरहानपुर और इंदौर की वारदातें कबूली

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपना शौक पूरा करने के लिए गाड़ियां चुराते थे और बाद में उन्हें सस्ते दामों में बेच देते थे. आरोपियों ने जिन लोगों को ये गाड़ियां बेची गई थीं, पुलिस ने उनसे भी पूछताछ शुरू की है. जरूरत पड़ने पर उन्हें भी आरोपी बनाया जा सकता है. शहर में प्रतिदिन दस से अधिक वाहन चोरी की वारदातें सामने आती हैं. गिरफ्तार आरोपियों ने बुरहानपुर के अलावा इंदौर में भी कुछ चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात भी मानी है.

# दो युवाओं को आया हार्ट अटैक, अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत

**इंदौर.** शहर में आज दो **अलग-अलग युवकों की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई, दोनों युवकों की मौत साइलेंट हार्ट अटैक से होना बताया जा रहा है. वहीं, दो अन्य लोग जहरीला पदार्थ पीने से अस्पताल में भर्ती हैं.पुलिस चारों मामले में जांच कर रही है.**

पुलिस के अनुसार, सनावदिया में रहने वाले 29 वर्षीय राहुल पिता हंसराज सुबह करीब पांच बजे सीने में तेज जलन की शिकायत के बाद अचानक गिर पड़े. परिजन उन्हें बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके. प्राथमिक रूप से साइलेंट अटैक का संदेह जताया जा रहा है. पुलिस ने बताया कि राहुल कार कंपनी में काम करते थे. उनके परिवार में पत्नी, पांच साल का एक बेटा और तीन साल की एक बेटी है. वहीं,





दूसरी घटना चंदन नगर की है, जहां 35 वर्षीय नईम पिता काले खां की हृदय गति रुकने से मौत हो गई. नईम फेब्रिकेशन का काम करता था. सुबह बाथरूम जाने के दौरान अचानक गिर पड़ा, इसके बाद उसे बड़े अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने बताया कि नईम के दो बच्चे हैं.

#### विवाहिता सहित दो लोगों ने जहर खाया, अस्पताल में भर्ती

छोटा बांगड़दा की तनु पति लोकेश ने जहरीला पदार्थ पी लिया. उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ससुराल पक्ष से परेशान होने पर उसने यह कदम उठाया. परिवार का आरोप है कि तनु को ससुराल वालों द्वारा कई दिनों से प्रताड़ित किया जा रहा था. पुलिस उसके बयान दर्ज करने की तैयारी में है, बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. वहीं, पिगडंबर निवासी शिवराम ने पानी समझकर जहरीला पदार्थ पी लिया, उसे भी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है. पुलिस दोनों ही मामले दर्ज कर जांच कर रही है.

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाली गैंग पकड़ाई

### फर्जी साइट बनाकर निवेश का झांसा, विजय नगर पुलिस ने तीन को दबोचा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने का सपना दिखाकर लोगों से लाखों रुपए हड़पने वाले गैंग पर विजय नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने मेघदूत गार्डन क्षेत्र से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है, जिन पर फर्जी वेबसाइट की लिंक भेजकर निवेश कराने और उसके बाद रकम हड़पने का आरोप है. अब तक लगभग 40 लाख रुपए की धोखाधड़ी सामने आ चुकी है.



थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बातचीत के दौरान अपनी पहचान छिपाते थे और पीड़ितों को कम निवेश में अधिक मुनाफा दिखाकर जाल में फंसाते थे. रकम हाथ लगते ही वह इसे नशे और अय्याशी में खर्च कर देते थे. लगातार मिल रही शिकायतों और क्षेत्रीय निगरानी के चलते पुलिस ने संदिग्ध गतिविधि देख तीन युवकों को पकड़ा. पूछताछ में पूरा फर्जीवाड़ा उजागर हो गया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवेंद्र सिंह चंदेल निवासी हमीरपुर (उप्र), चिराग पंवार निवासी बैतूल और प्रवीण गोयल निवासी शाजापुर के रूप में हुई है. तीनों फिलहाल इंदौर में किराये से रहकर फर्जी साइट के जरिये लोगों से निवेश कराते थे. मोबाइल जांच में उनके पास से अनेक चैट, लिंक और फर्जी निवेश लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है. टीम अभी अन्य पीड़ितों की जानकारी जुटा रही है और आरोपियों से नेटवर्क तथा अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है.

एक नजर में

# पंजाब नेशनल बैंक का रिटेल आउटरिच कार्यक्रम

**इंदौर.** पंजाब नैशनल बैंक द्वारा शुक्रवार को देश भर की सभी शाखाओं में रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, बैंक की इंदौर मंडल की शाखाओं में भी यह आयोजन हुआ. मुख्य कार्यक्रम शाखा गोयल नगर इंदौर में हुआ जहां इंदौर मंडल के रिटेल ग्राहकों को 100 करोड़ के ऋण तत्काल स्वीकृत किए गए. रिटेल आउटरीच कार्यक्रम में बैंक के सीजीएम अमित कुमार श्रीवास्तव और अंचल प्रमुख जतिन्दर मनकोटिया भी उपस्थित हुए.



इंदौर मंडल प्रमुख अनिल कुमार अनल ने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक द्वारा विभिन्न सेक्टरों के ग्राहकों की सुविधा हेतु समय समय पर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, इसी के अंतर्गत शुक्रवार को रिटेल क्षेत्र में आम ग्राहकों और व्यापारियों को सुविधा देने हेतु रिटेल आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया. इंदौर मंडल में बैंक की सभी शाखाओं में रिटेल क्षेत्र से संबंधित ऋण योजनाओं की जानकारी ग्राहकों को दी गई एवं पात्र ग्राहकों के ऋण तत्काल स्वीकृत किए गए.